क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

It is for general information that, I, RAJ KISHOR S/O: SHRI JAGDISH CHANDRA BHARTI, R/O PO- kathgodam TEH-Haldwani, jawahar jyoti danuwa dhunga, Kathgodam, Nainital, Uttaranchal - 263126, declare that name of my minor daughter has been wrongly written as HARSHITA BHARTI in my minor daughter HARSHITA, aged 16 years in her class 10th educational document. The actual name of my minor daughter is HARSHITA which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, SUNIL KUMAR S/O: LATE JAGDISH PRASAD YADAV, R/O- Kumaru Bigha, Post Kumhawan, P.S JEHANABAD, Kumhwan, Jehanabad, Bihar-804417, have changed the name of my minor son THAKUR RAMDRIKA BABU aged 17 years and he shall hereafter be known as PRINCE RAJ.

I hitherto Known as MOHAMMAD GULAVASA S/O: FAJAL DEVAN, R/O-gramhasanpura,posakrar.ps-ramgarhwa, Sakrar, East Champaran, Bihar845440, have changed my name and shall hereafter be known as MOHAMMAD GULBAS.

It is for general information that I, PALLAVI SINHA D/O-VINOD KUMAR SINHA, R/O-H No 650/1, CHOW MANDI, Roorkee, PO: Roorkee, DIST: Haridwar, Uttarakhand - 247667, declare that name of my father has been wrongly written as VINOD SINHA in my class 10th,12th and graduation educational document and in my DL No:UK-0820130113770 and in my voter i'd no.NKN0589226. The actual name of my father is VINOD KUMAR SINHA which may be amended accordingly.

I, hitherto Known as JAMANA W/O: AMARA JI, R/o Modiwasa, Udaipur, Rajasthan - 313804, have changed my name and shall hereafter be known JAMUNA.

I hitherto Known as GUPTA SHIVA S/O: SHIVALAKHAN SAV R/O- BADHAR, WARD NO-07, Jehanabad, PO: Surangapur, DIST: Jehanabad, Bihar - 804429, have changed my name and shall hereafter be known as PANKAJ SAV.

I hitherto Known as SURAPPA S/O: HUCHCHAPPA R/O- 5/7 mathad hattira 3rd ward Hulgi Koppal Karnataka - 583234, have changed my name and shall hereafter be known as SURESH.

I hitherto known as JUGLO W/o :- HARI SINGH, R/o:- shyaura, VTC: Sooraja, PO: Beswan, Sub District: Iglas, District: Aligarh, State: Uttar Pradesh, PIN Code: 202145, have changed my name and shall hereafter as MITHLESH DEVI.

I, hitherto known as BABLI DEVI W/O LAXMAN LAL, R/o Ghogharwara, Udaipur, Rajasthan-313803, have changed my name and shall hereafter be known BABBU DEVI.

I hitherto known as SADAT GANESHBHAI SANJAJI S/O SOMA JI KHARADI, R/o Gatrali, Harshawara, PO: Harshawara, DIST: Udaipur, Rajasthan - 313804, have changed my name and shall hereafter be known as GANESH LAL KHARADI.

I hitherto Known as BULUDHAR D/O SANJAY DHAR, R/O- Mahendra Nagar, Bhauti pratap pur, PO: Bhauti Pratappur, DIST: Kanpur Nagar, Uttar Pradesh-209305, have changed my name and shall hereafter be known as RIYA.

I, hitherto known as KAILASH CHANDRA PATEL S/O: KACHARA, R/o patel basti, Bayri, Kherwara, Udaipur, Rajasthan, 313803, have changed my name and shall hereafter be known DEVI LAL PATEL.

1,000 से भी अधिक छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण

पटना (आससे)। गोरियाटोली छठ पूजा समिति,पटना के तत्वावधान में आज राजा मार्केट, एक्जीबिशन रोड, स्टेशन रोड कॉर्नर पर छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री अर्पण समारोह का आयोजन किया गया।



समारोह के दौरान लगभग 1,000(एक हजार) से अधिक छठ व्रतियों के बीच छठ पूजा की सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के माननीय सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव जी के साथ स्थानीय पार्षद एवं पूर्व उपमहापौर श्री विनय कुमार पप्पु तथा वार्ड नं.-28 के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री राम कृपाल यादव ने छठ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छठ पूजा लोक आस्था,सामाजिक समरसता,स्वच्छता और आपसी भाईचारे का महान पर्व है। इस प्रकार के आयोजन से समाज में सहयोग एवं सेवा की भावना मजबूत होती है।

कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों,समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता रही। स्थानीय पार्षद विनय कुमार पप्पु ने सफल आयोजन करने के लिए समिति के सभी सदस्यों एवं वार्ड नं.-28 के सभी युवा साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सोनी इंडिया ने लांच किया एफएक्स ५

पटना (आससे)। सोनी ने अपनी सिनेमा लाइन सीरीज में नया फल-फ्रेम कैमरा एफएक्स५ पेश किया है। इसमें नए सिरे से विकसित फुली स्टैक्ड सीएमओएस इमेज सेंसर है, जो १५ से ज्यादा स्टॉप की डायनेमिक रेंज, डुअल गेन शूटिंग मोड और तीन बेस आईएसओ सेटिंग्स से सेंसिटिविटी परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाता है। सिनेमा लाइन एफएक्स सीरीज में पहलीबार यह कैमरा ओपन गेट शूटिंग के साथ सोनी के अपने रॉ फॉर्मेट एक्स-ओसीएन में कैमरे के भीतर ही रिकॉर्डिंग सपोर्ट करता है। कैमरा ५के में ६० फ्रेम प्रति सेकंड तक ४ के में १२० फ्रेम प्रति सेकंड तक और एफएचडी में २४० फ्रेम प्रति सेकंड तक शूट कर सकता है।

संक्षिप्त समाचार

टीवीएस मोटर कंपनी ने यूरोप के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी

पटना (आससे)। टीवीएस मोटर कंपनी ने मिलान में आयोजित ईआईसीएमए २०२६ में यूरोप के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। कंपनी ने इस आयोजन में यूरोपीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किये गये चार प्रोडक्शन-रेडी मॉडल पेश किए। ईआईसीएमए में पहलीबार टीवीएस मोटर ने सैकड़ों लोगों को अपने वाहनों की टेस्ट राइड का अवसर भी दिया। टीवीएस मोटर कंपनीके प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल बिजनेस) पेयमान करगर ने कहा, यूरोप टीवीएस मोटर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हमारी अंतर राष्ट्रीय विकास योजनाओं का अहम हिस्सा है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल और प्रीमियम शहरी परिवहन के क्षेत्र में हमें यहां काफी संभावनाएं नजर आती हैं।

आईडीबीआई बैंक ने किया भव्य ग्रैंड फिनाले का समापन

पटना (आससे)। आईडीबीआई बैंक ने अपनी प्रमुख हैकाथॉन पहल आईडीबीआई इनावेट २०२६ के ग्रैंड फिनाले का समापन किया। यह आयोजन बैंकिंग सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने, फिटनेस कंपनियों के साथ मिलकर काम करने और नवाचार को बढ़ावा देने की बैंक की कोशिशों का एक हिस्सा है। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के एमडी और सीईओ राकेश शर्मा ने कहा कि बैंक के भविष्य के लिए तैयार और मजबूत बनाने में नवाचारों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि बैंक का मुख्य ध्यान नयी तकनीकों का इस्तेमाल कर ग्राहकों को बेहतर अनुभवन और अपनी डिजिटल क्षमता बढ़ाने पर है। इसके साथ ही बैंक सुरक्षा और बैंकिंग नियमों के पालन के उच्चतक मानकों को भी बनाये रख रहा है। बिल्ड, इंटीग्रेट, ट्रांसफॉर्म थीम पर आधारित हैकाथॉन ने स्टार्टअप, फिटनेस कंपनियों, कामकाजी पेशेवरों और इनोवेटर्स को एक मंच दिया। विजेताओं का चयन तकनीकी जांच, समाधानों के प्रदर्शन, बैंक के सैंडबॉक्स पर परीक्षण और जूरी रिव्यू जैसी कई कड़े पैमानों से गुजरने के बाद किया गया। सभी ट्रैक के विजेताओं और उप-विजेताओं को ८ नवंबर को आयोजित ग्रैंड फिनाले में सम्मानित किया गया।

ईवी की बढ़ती मांग से वाहन फाइनेंसिंग सेक्टर में नये अवसर

पटना (आससे)। भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता वाहन फाइनेंसिंग सेक्टर के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के बिजनेस हेड (व्हीकल फाइनेंस) प्रेम कुमार जी के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहनों को आम ग्राहकों तक पहुंचाने में किफायती और आसान लोन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह ध्यान देनेवाली बात है कि भारत के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में धीरे- धीरे बदलाव आ रहा है। 'ईवी रिपोर्टर' द्वारा 'वाहन' डेटा के विश्लेषण केअनुसार, साल २०२५ में लगभग १२.८ लाख इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर रजिस्टर किये गये (इसमें कम स्पीड वाले ई-टू-व्हीलर शामिल नहीं हैं), जो २०२४ के मुकाबले ११.४० प्रतिशत की वृद्धि है। इस साल हुई कुल ईवी बिक्री में से आधे से ज्यादा हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की रही। ये आंकड़े बताते हैं कि बाजार अब शुरुआती ग्राहकों (अर्ली अडॉप्टर्स) के एक छोटे समूह से आगे बढ़ चुका है। फिर भी, कुल टू-व्हीलर बाजार में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स की हिस्सेदारी अभी भी काफी कम है। विकास का अगला चरण ऐसे ग्राहकों तक पहुंचने पर निर्भर करेगा जो कीमत को लेकर बहुत संवेदनशील हैं, उन्हें इस बात का भरोसा चाहिए कि एक इलेक्ट्रिक वाहन उनकी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उपयुक्त है।

वेदांता के चेयरमैन ने हर स्तर पर ३५ प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया

पटना (आससे)। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सभी क्षेत्रों के संगठनों से ऐसे समावेशी कार्यस्थल तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, जहां महिलाएं आगे बढ़ सकें, नेतृत्व कर सकें और भारत की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किये गये अपने संदेश में श्री अग्रवाल ने कार्यबल में महिलाओं की भगीदारी बढ़ाने के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि कंपनी ने मैनेजमेंट के हर स्तर पर कम से कम ३५ प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया है। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भगीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं भारत की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं और उनकी प्रगति देश की विकास यात्रा से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व भारत को अधिक मजबूत और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीयूएसबी और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एनईपी-2020 प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

पटना (आससे)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) और विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आयोजित आठ दिवसीय संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। ऑनलाइन आयोजित इस 22वें कार्यक्रम में नौ राज्यों के 180 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगारपरक दक्षता और शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वहीं, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने मातृभाषा आधारित शिक्षा, नवाचार और उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण को महत्वपूर्ण बताया। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम बदलना नहीं, बल्कि इसके मूल विचारों को कक्षा से समुदाय तक पहुंचाना है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में शिक्षकों की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

सीयूएसबी के डा. कृष्ण प्रकाश अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशिष्ट वक्ता के रूप में सम्मानित

पटना (आससे)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कृष्ण प्रकाश ने प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशिष्ट वक्ता के रूप में भाग लिया। स्वास्थ्य सेवा एवं कृषि जैव प्रौद्योगिकी : अंतर्विषयक प्रवृत्तियां विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में उन्हें विशिष्ट वक्ता और सत्र अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रकाश ने जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही नवीन प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं में इसके उपयोग पर व्याख्यान दिया। इसके अलावा उन्होंने एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की। इस सत्र में देशभर से आए शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के आयोजकों और प्रतिभागियों ने उनके व्याख्यान एवं अकादमिक योगदान की सराहना की। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। यह उपलब्धि जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने के प्रति उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

संजना जालान का छठ गीत वीडियो 'चल चल दउरा ले चल' रिलीज

पटना (आससे)। मारवाड़ी समाज से बिहार के छपरा की बहू संजना जालान ने कोलकाता से छठ गीत का वीडियो रिलीज किया है। 'चल चल दउरा ले चलच' शीर्षक से रिलीज इस गीत के बोल हैं- 'चल चल दउरा ले चलच, छठ माई के मनावे चल' माई देवेली लाल कुल दीप सुख रहेला खुश रहेला हमार मन मीत।गीत लिखा है सौरभ मिश्रा ने, गीत को संगीत से सजाया है पियूष मिश्रा ने। सुरजीत पाउल ने गीत को संगीत से सजाया है। वीडियो निर्माण में भूमिका निभाया बोलू दा और संटू दा ने।

संजना ने गाने का स्वर जन्मजात पाया है। इन्होंने हिन्दी, बंगाली एवं भोजपुरी में कई गीतों को स्वर दिया और भक्तिमती स्त्री के भाव में कई गीतों को अपनी आवाज देकर श्रोताओं के बीच अपनी गायिकी का छाप छोड़ा है।

संजना ने बताया कि छपरा की होने के नाते छठ महापर्व से गहरा लगाव और अटूट आस्था रही है। हमारी भावना है कि वैसा गीत भजन मैं गाऊं जो सुनने वालों की संवेदनाओं के करीब हो। मेरी गीत यात्रा में मेरे पति चार्टर्ड एकाउंटेंट नवल जालान जी का भरपूर सहयोग मिलता रहा है। परिवार के परिजनों से भी प्रोत्साहन मिलता है कि मैं कुछ बेहतर करूं।

छठ महापर्व बिहार की आत्मा है : संजय

पटना (आससे)। लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत योगीपुर, बजरंगबली मंदिर के पास नवनिर्मित छठ घाट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण भी किया गया।समारोह में कुम्हरार



के विधायक संजय कुमार गुप्ता एवं वार्ड ४४ के पार्षद सत्येंद्र जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की आत्मा है। श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त घाट उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है। योगीपुर के इस नये छठ घाट से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को सुविधा होगी और वे अब स्वच्छ वातावरण में सूर्य उपासना कर सकेंगे। वार्ड ४४ पार्षद सत्येंद्र यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि यहां एक स्थायी और सुंदर छठ घाट का निर्माण हो। आज यह सपना साकार हुआ है। इसके लिए उन्होंने विधायक जी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

योगीपुर में नवनिर्मित छठ घाट का उद्घाटन

याद किये गये कैलाश नारायण सारंग

(आज समाचार सेवा)

पटना। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सांसद स्व.श्रद्धेय कैलाश नारायण सारंग की पुण्यतिथि के अवसर पर मातृ-पितृ भक्ति दिवस का आयोजन श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्व.सारंग जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज के प्रति उनके आजीवन समर्पण को याद करते हुए अपने विचार रखें। वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक रहें स्व.कैलाश नारायण सारंग ने समाजसेवा, संगठन निर्माण एवं विशेष रूप से वृद्धजनों के सम्मान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनहर कृष्ण अतुल, सुनील कुमार सिन्हा, समीर प्रसाद, राजेश कुमार कंठ, देवराज गुल्लू, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिन्हा, अजीत कुमार, नीरेन्द्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सोनू, आनंद कुमार सिह, रवि कुमार, अमर सिन्हा, विकास कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



श्याम मेटालिक्स ने रोशनी, कला और उत्सव के चार दिवसीय जश्न के लिए जोड़ा पूरे शहर को

(आज समाचार सेवा)

पटना। श्याम मेटालिक्स ने इस साल दिवाली के अवसर पर आलोकमय कोलकाता के ज़रिए पूरे शहर को जोड़ने का प्रयास किया है। एक्रोपोलिस मॉल में 6 से 9 नवंबर 2026 तक आयोजित इस चार दिवसीय उत्सव ने रोशनी, रंग और संस्कृति के प्रति कोलकाता के गहरे प्रेम को प्रतिबिंबित किया। इस आयोजन के ज़रिये रचनात्मकता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामुदायिक भागीदारी के साथ इस शहर की उत्सवधर्मिता और कलात्मक चेतना का उत्सव मनाया गया। कोलकाता की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान का उत्सव मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल, आलोकमय कोलकाता ने इस त्योहारी मौसम को यादगार अनुभव में बदल दिया, जहां परंपरा, रचनात्मकता और नवोन्मेष का मेल हुआ है।

इस उत्सव में नया आयाम जोड़ते हुए, यहां 'एसईएल टाइगर टीएमटी बार' की मज़बूती और 'एसईएल टाइगर रूफिंग शीट' की कई किस्म की उपयोगिता को भी शामिल किया गया।'एसईएल टाइगर टीएमटी बार' से बना आकर्षक रोशनी का पेड़ यहां मुख्य आकर्षण रहा, जबकि 'एसईएल टाइगर रूफिंग शीट' का इस्तेमाल कर कोलकाता की पहचान से जुड़ी चीज़ें, जैसे विरासती ट्राम और पारंपरिक टैक्सी, बहुत ही रचनात्मक ढंग से तैयार की गईं।

शेमारूमी की 'एक कन्या कुँवारी' में अपनी पसंद और पहचान तलाशती जाह्नवी गुरनानी



गुजराती परिवार में जीवनसाथी की तलाश कभी भी सिर्फ दो लोगों तक सीमित नहीं होती। इसमें पूरा परिवार शामिल होता है, जहाँ हर किसी की अपनी राय, सवाल और सुझाव होते हैं और जाहिर है, रिश्ते तय कराने की कोशिशें भी खूब होती हैं। शेमारूमी पर उपलब्ध शेमारू प्रीमियर ओरिजिनल 'एक कन्या कुँवारी' इसी पारिवारिक माहौल को हास्य और आत्मीयता के साथ पर्दे पर पेश करता है। यह सीरीज शिवानी दवे की कहानी है, जिसका किरदार जाह्नवी गुरनानी ने निभाया है। शिवानी वडोदरा के एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली आत्मविश्वासी और स्वतंत्र विचारों वाली बैंक कर्मचारी है। हर एपिसोड में जब शिवानी एक के बाद एक संभावित जीवनसाथियों से मिलती है, तो हर मुलाकात अपने साथ कुछ असहज पल, अप्रत्याशित परिस्थितियाँ और परिवार की अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ लेकर आती है। जहाँ उसका परिवार चाहता है कि वह जल्द से जल्द शादी करके अपनी जिंदगी में सेटल हो जाए, वहीं शिवानी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसे ऐसा जीवनसाथी मिले, जो वास्तव में उसके लिए सही हो। इसके बाद शुरू होता है पारिवारिक अपेक्षाओं, रिश्ते तय करने की कवायद और आधुनिक रिश्तों के बीच एक मजेदार और सहजता से जुड़ाव महसूस कराने वाला सफर, जहाँ शिवानी को एहसास होता है कि सही जीवनसाथी की तलाश के साथ-साथ खुद को बेहतर ढंग से समझना भी उतना ही जरूरी है। इस कहानी को दर्शकों से जोड़ने वाली बात पर अपने विचार साझा करते हुए, जाह्नवी गुरनानी कहती हैं, मुझे लगता है कि हर लड़की खुद को शिवानी के किरदार में थोड़ा-बहुत जरूर देख पाएगी।

सनफीस्ट मॉम्स मैजिक ने माताओं के सम्मान में शुरू किया अभियान

पटना। छठ पर्व पर सनफीस्ट मॉम्स मैजिक ने 'हर घर की छठी मैया' अभियान के जरिए माताओं के प्रेम और समर्पण को सम्मान दिया। इस पहल के तहत पटना के रमना रोड, गांधी घाट के पास सूर्य के आकार की आकर्षक कलाकृति में छठी मैया की विशाल छवि प्रदर्शित की जाएगी। मधुबनी कलाकार दुलारी देवी ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए इसे माताओं के प्रति आभार व्यक्त करने की अनूठी पहल बताया।

'महारानी' सीजन 5 में नये अंदाज में नजर आयेंगी हुमा कुरैशी

पटना। सोनी लिव की लोकप्रिय वेब सीरीज 'महारानी' पांचवें सीजन के साथ वापसी कर रही है। इसमें हुमा कुरैशी रानी भारती के किरदार में नए और दमदार गंजे लुक में नजर आएंगी। इस बदलाव को लेकर हुमा ने कहा कि यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा। इस रूपांतरण से उन्हें अपने किरदार की गहराई समझने का मौका मिला।

चंडी थाना अंतर्गत दो गांवों में लाखों की चोरी

बिहारशरीफ। स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए दो घरों को अपना निशाना बनाया और 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति चुरा ली। एक खाली पड़े घर से सोने-चांदी के बेशकीमती जेवर और अन्य सामान साफ कर दिए गए, जबकि दूसरी घटना में नकदी व आभूषणों पर हाथ साफ किया गया। चोरी की इन दोनों वारदातों से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों को शनिवार के दिन इन घटनाओं की जानकारी मिली।

पहली बड़ी घटना माहो गांव के बीचोबीच स्थित प्रधानाध्यापिका नीलम देवी के घर हुई। उनके परिवार के सदस्य ओमप्रकाश ने बताया कि पूरा परिवार बाहर रहता है और करीब एक साल से इस मकान में ताला लगा हुआ था। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा देख चोरी होने की सूचना दी। जब परिजन घर पहुंचे तो पाया कि सभी बक्से, अलमारी और अटैची के ताले टूटे पड़े हैं और उनमें रखे सारे सामान गायब हैं। चोरों ने करीब चार किलोग्राम चांदी के बर्तनों का सेट, चार भर सोने की चेन, 20 जोड़ी चांदी की पायल, 75 चांदी के सिक्के, दो चांदी की मछली, पांच चांदी की कस्तरी, छह चांदी के कटोरे, पांच सोने की अंगूठियां और पांच चांदी के कलम सहित अन्य कीमती सामान शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार नीलम देवी के दो भाई विदेशों में रहते हैं।

चोरी की दूसरी घटना सबलपुर गांव में विनोद यादव के घर को निशाना बनाकर अंजाम दी गई। यहां चोर घर के बगल से दीवार के सहारे अंदर दाखिल हुए और दो पेटियों को उठाकर खेत में ले गए। इसके बाद पेटियों का ताला तोड़कर 49 हजार रुपये नकद, चांदी के बाले, सिकड़ी व अन्य आभूषण चुरा लिए तथा बाकी बचे सामान को खेत में ही फेंककर फरार हो गए।

इस घटना में करीब एक लाख रुपये के सामान की चोरी होने की बात सामने आई है। इस संबंध में चंडी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि चोरी को लेकर आवेदन प्राप्त हो गया है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

टेंपो एवं ई-रिक्शा की टक्कर में चार जख्मी

बिहारशरीफ। रहुई थाना क्षेत्र के रहुई-सुपासंग मार्ग पर हवनपुरा मोड़ के समीप शनिवार को तेज रफ्तार मालवाहक टेंपो और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और उस पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि घटना के बाद टेंपो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायलों में तार बीघा गांव निवासी सीताराम बिंद और मोहद्दीनपुर गांव निवासी सीता देवी, राजवीर कुमार व पूजा कुमारी शामिल हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सीताराम बिंद और सीता देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो घायलों का इलाज रहुई सीएचसी में जारी है, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हवनपुरा मोड़ के तीखे घुमाव पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को कब्जे में लेते हुए फरार चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

गया जंक्शन पर 12.756 किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

गयाजी। पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने आपरेशन नारकोस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 12.756 किलोग्राम गांजाके साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 6 लाख 37 हजार 800 रुपये बताई गई है।

बताया जाता है कि 14 नवंबरक. ो गया जंक्शनपर आपराधिक गति. विधियों की निगरानी के दौरान आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली कि धनबाद-शकूरबस्ती एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 03639 अप से एक महिला गांजा लेकर यात्रा कर रही है। सूचनाके आधार पर आरपीएफ पोस्ट गया के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव, अपराध आसूचना शाखा के प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार एवं जीआरपी थानाध्यक्ष शिव कुमारके नेतृत्व में संयुक्त टीम ने ट्रेन के गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंचने पर आगे के जनरल कोचमें तलाशी ली।

इस दौरान रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनाडीह गांव निवासी छोटी कुमारी पिता गोपाल कहारके पास मौजूद एक झोले से 12 बंडल गांजा बरामद किया गया। राजपत्रित अधिकारी सह सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ गया संजय कुमार सिंहकी मौजूदगीमें विधिवत कार्रवाई करते हुए कुल 12.756 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके बाद महिला पुलिसकर्मी की सहायता से महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि पैसों के लालच में वह ओडिशा के संभलपुर से गांजा लेकर बिहारके सासाराम जा रही थी।

इसके बाद जब्त गांजा और गिरफ्तार महिलाको जीआरपी थाना गया लाया गया। मामले में आरपीएफ के उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार के लिखित आवेदन पर जीआरपी थाना गया में कांड संख्या 285/26, दिनांक 14 नवंबर 2026 को एनडीपीएस एक्टकी धाराके तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरुदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल रविवार, 15 नवंबर 2026

मेष-	परिस्थितियाँ अनुरूप, सलाह हितकर, धनागम का सुयोग, कटुता समाप्त, कठिनाइयों में कमी।
वृषभ-	अधूरे कार्य पूर्ण, परेशानी में कमी, आरोग्य सुख, आपसी सम्बन्ध मधुर, हर्षोल्लास।
मिथुन-	पारिवारिक परेशानी, उलझने प्रभावी, आशा अधूरी, मित्रों से मतभेद, धनहानि संभव।
कर्क-	भाग्योन्नति, परिस्थितियों पर विजय, कर्ज की निवृत्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि, यात्रा का प्रसंग।
सिंह-	व्यापारिक विस्तार, चित्त प्रफुल्लित, कठिनाइयों में कमी, धार्मिक यात्रा संतोषजनक।
कन्या-	प्रगति प्रशस्त, आशानुकूल घटना, नौकरी में पदोन्नति, शत्रु परास्त, कर्ज की अदायगी।
तुला-	उलझनें, शिक्षा में अरुचि, विरोधी प्रभावी, धनहानि, कार्यक्षमता में कमी, विवाद भी।
वृश्चिक-	नवयोजना दृष्टिगत, आर्थिक सफलता, आशाएँ फलीभूत, विराधी परास्त, प्रसन्नता।
धनु-	कार्य में प्रगति, कठिनाइयाँ हल, धार्मिक रुचि, प्रियजनों का सहयोग, मन प्रसन्न।
मकर-	योजना साकार, महत्वपूर्ण उपलब्धि, परेशानी में कमी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कुम्भ-	तनाव, मानसिक अशांति, क्रोध की अधिकता, कर्ज से चिंतित, प्रतिष्ठा पर आघात।
मीन-	कार्य में वृद्धि, आरोग्य सुख, सलाह से कामयाबी, विवाद का समापन, यात्रा सकुशल।

आज है जिनका जन्मदिन 15 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 15 का मूलांक 6 का स्वामी ग्रह शुक्र एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। जीवन शान्ति और धैर्य सूचक होगा। सदैव कुछ न कुछ सोचते रहेंगे। सौन्दर्य प्रसाधन वस्तुओं के क्रय में अधिक व्यय करेंगे। नेतृत्व गुण आपमें विशेष रूप से विद्यमान रहेगा। किसी बात को लेकर तुरन्त निराश हो जायेंगे। व्यवस्थित और सुरुचिपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। एक स्थान पर ज्यादा समय तक कार्य नहीं कर पायेंगे। निर्णय को दृढ़ता से कायम रख सकेंगे। जन-कल्याण की ओर रुझान अधिक रहेगा। बन सँवर कर रहना पसन्द करेंगे। विपरीत समय में सदैव मुस्कुराते रहेंगे। शारीरिक श्रम की अपेक्षा